भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2830
10 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

लद्दाख क्षेत्र में सड़क सम्पर्क

2830. श्री जामयांग त्सेरिंग नामग्याल :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) निम्मु-पादम-दारचा सड़क परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसकी अनुमानित लागत, इसके शुरू होने का वास्तविक वर्ष तथा पूर्ण करने का वास्तविक लक्ष्य क्या है ;

(ख) क्या उक्त परियोजना के जैसा कि नियत किया गया था, वर्ष 2019 में पूर्ण होने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो इसके वित्तपोषण और रणनीति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसकी देरी के क्या कारण हैं तथा उसकी लागत कितनी बढ़ जाएगी;

(घ) क्या सरकार इस सड़क परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने हेतु इसे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को सौंपने का विचार कर रही है; और

(ड.) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ड.): 297 कि.मी. की कुल लंबाई में से विभिन्न हिस्सों में 256.72 किमी. को जोड़ दिया गया है । निम्मु-पादम-दारचा सड़क की वर्तमान स्थिति नीचे दिया गया हैः-

(i) **जुड़ा हिस्सा**

(क) 0 किमी. से 47.00 कि.मी.

(ख) 77.78 किमी. से 79.50 कि.मी.

(ग) 89.00 किमी. से 297.00 कि.मी.

(ii) **नहीं जुड़ा हुआ हिस्सा**

(क) 47.00 किमी. से 77.78 कि.मी.

(क) 79.50 किमी. से 89.00 कि.मी.

इसकी अनुमानित लागत 2276.13 करोड़ रुपए है । इस सड़क पर कार्य 2002 में शुरू किया गया था और इसे 2025 तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है ।

इस परियोजना का वित्तपोषण रक्षा मंत्रालय (रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय) द्वारा किया जाता है ।

इसके पूरा होने में विलम्ब के कारणों को नीचे दिया गया हैः-

(i) कठोर चट्टानों की पट्टियां
(ii) कार्य किए जाने का सीमित समय
(iii) श्रमिकों की सीमित उपलब्धता
(iv) पदम तक सीमित पहुंच

सामरिक आवश्यकता के कारण विनिर्माण के लिए इस सड़क को सीमा सड़क संगठन को सौंपा गया है ।

***